72. जनवरी 2012 में जयपुर में हुए प्रवासी भारतीय दिवस में मुख्य अतिथि होने का अवसर किसे मिला?

(a) प्रतिभा पाटिल (b) मनमोहन सिंह
(c) सोनिया गांधी (d) कमला प्रसाद बिसेसर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (d) : प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटे थे। 10वां प्रवासी भारतीय दिवस 2012 में जयपुर के राजस्थान में आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि त्रिनिदाद और टोबेगो के प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर थे। 17वाँ प्रवासी भारतीय दिवस, जनवरी 2023 में मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित होगा।

73. राजस्थान के किस नगर में भारतीय प्रबंधन संस्थान (Indian Institute of Management) की स्थापना हुई?

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) उदयपुर (d) कोटा

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (c) : भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) राजस्थान के उदयपुर में स्थित है। आई.आई.एम उदयपुर द्वितीय पीढ़ी का प्रबंधन स्कूल है। इस संस्थान की स्थापना 2011 में की गई थी।

74. अफीम से संबंधित रॉयल कमीशन निम्न में से किस वर्ष में राजस्थान आया था?

(a) 1816 (b) 1893
(c) 1856 (d) 1888

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (b) : अफीम से संबंधित रायल कमीशन वर्ष 1893 ई. में राजस्थान आया। इस कमीशन ने वर्ष 1893 से 1895 ई. में ब्रिटिश भारत में अफीम व्यापार की जांच की। अफीम की खेती से किसानों को बहुत घाटा होता था। यद्यपि कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में अफीम उत्पादन को लाभदायक बताया। 20वीं शताब्दी में अफीम व्यापार लगभग समाप्त हो गया।

75. प्रसार (PRASAR) का पूर्ण रूप क्या है?

(a) पब्लिक रिलेशन्स एंड सोशियल अवेरनेस इन राजस्थान
(b) पब्लिक रिलेशन्स एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान
(c) पब्लिक रिलेशन्स एंड सेल्फ अवेरनेस ऑफ राजस्थान
(d) पब्लिक रिलेशन्स एंड एसोसिएटेड सर्विसेज ऑफ राजस्थान

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (b) : प्रसार (PRASAR)का पूर्ण रूप 'पब्लिक रिलेशन्स एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान' होता है।

76. कौन सा असत्य है?

(a) यांत्रिक कृषि गंगानगर जिले में प्रचलित है।
(b) आर्द्र दक्षिण पूर्वी मैदान सोयाबीन की खेती के लिए उपयुक्त है।
(c) माही-कंचन राजस्थान में चावल की उच्च उत्पादकता देने वाली किस्म है।
(d) सूरतगढ़ कृषि फार्म की स्थापना रूस की सहायता से की गई है।

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (c) : माही-कंचन राजस्थान में चावल की नहीं बल्कि 'मक्का फसल' की एक उन्नत किस्म है, जिसे कृषि अनुसंधान केन्द्र बांसवाड़ा द्वारा विकसित किया गया था। मक्का की अन्य प्रजातियाँ है- माही धवली, प्रताप, 3, 5 आदि। जबकि चावल की उन्नत किस्म 'माही सुगन्धा' है।

77. ''राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इन्स्टीट्यूट'' की स्थापना कहाँ पर की जायेगी?

(a) जयपुर में (b) जोधपुर में
(c) कोटा में (d) उदयपुर में

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (b) : ''राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इन्स्टीट्यूट'' की स्थापना जोधपुर में की जा रही है। हाल ही में इस संस्थान के निर्माण के लिए राजस्थान सरकार ने 672.5 करोड़ रूपये की मंजूरी प्रदान की है। इस संस्थान को स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में विकसित किया जायेगा। यह परिसर शून्य अपशिष्ट, शून्य बिजली और शून्य पानी के साथ नेट जीरों कैंपस होगा। यह भवन पर्यावरण हितैषी होगा।

78. राजस्थान में ड्यून मुक्त ट्रेक्ट पाया जाता है-

(a) पाली - जालौर - बाड़मेर - जयपुर
(b) जोधपुर - नागौर - चुरू - सीकर
(c) हनुमानगढ़ - श्रीगंगानगर - झुंझुनू - जयपुर
(d) बीकानेर- जैसलमेर- फलोदी - पोखरण

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10--2022

Ans. (d) : राज्य में ड्यून मुक्त ट्रेक्ट बीकानेर, जैसलमेर, फलौदी और पोखरन में पाये जाते हैं। ये जुरासिक और इयोसीन संरचनाओं से सम्बन्धित है जहाँ चूना, पत्थर और बलुआ पत्थर की चट्टानें पायी जाती है। यह चट्टानी लेकिन टिब्बा मुक्त पथ है।

79. राजस्थान में सुनवाई का अधिकार अधिनियम किस वर्ष में लागू हुआ?

(a) 2010 (b) 2014
(c) 2012 (d) 2018

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (c) : राजस्थान में सुनवाई का अधिकार अधिनियम 01 अगस्त, 2012 को लागू हुआ। जन शिकायतों के निवारण हेतु सुनवाई का अधिकार अधिनियम लागू करने वाला राजस्थान पहला राज्य है। इस अधिनियम का उद्देश्य समयबद्ध सुनवाई और शिकायतों का निपटारा करना है।